

सत्यमेव जयते

आधार
मेरा आधार, मेरी पहचान

अमित अग्रवाल भा.प्र.से.
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भा.वि.प.प्रा

संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भारत प्रारंभ से ही संस्कृति, कला और विज्ञान के क्षेत्र में एक संपन्न राष्ट्र है। भारत एक बहुभाषी देश है और यहां कई भाषाएं एवं बोलियां बोली जाती हैं। ये सभी भाषाएं अपने-अपने क्षेत्र में बहुत ही समृद्ध और सशक्त हैं। प्रत्येक भाषा की अपनी एक अलग सांस्कृतिक और साहित्यिक पहचान है। हिंदी अपने अलग-अलग स्वरूपों में, सदियों से एक संपर्क भाषा के रूप में सभी संस्कृतियों को जोड़ने का कार्य कर रही है। भाषा की इसी महत्ता को ध्यान में रखते हुए 14 सितंबर, 1949 के दिन हिंदी को संवैधानिक रूप से भारत संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया और तभी से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, भारत के निवासियों को आधार नंबर के जरिए एक विशिष्ट पहचान उपलब्ध कराने, आधार से जुड़ी हुई नामांकन एवं अद्यतन, अधिप्रमाणन आदि सेवा प्रदान करने और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं में बायोमेट्रिक सत्यापन द्वारा पहचान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार द्वारा अधिदेशित कार्यों के साथ-साथ प्राधिकरण के प्रधान कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीतियों, आदेशों, दिशानिर्देशों और योजनाओं का भी सहर्ष पालन किया जा रहा है और उनके कार्यान्वयन को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण अपने कार्यालयों में संघ की राजभाषा के कार्यान्वयन को भलीभांति सुनिश्चित करने के अन्यत्र विभिन्न बोलियों एवं भाषाओं से संबद्ध देश के निवासियों को हिंदी सहित कुल 13 भाषाओं में आधार से जुड़ी विविध उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कर रहा है।

भारत सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा और प्रोत्साहन पर आधारित है और हमारा संवैधानिक कर्तव्य है कि हम राजभाषा संबंधित नीतियों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। हिंदी दिवस के अवसर पर मैं प्राधिकरण के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वे स्वयं भी अपना सरकारी काम-काज हिंदी में करें और अपने सहकर्मियों को भी इसके लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और आयोजन को सफल बनायें।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को पुनः मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2024

अमित अग्रवाल
मुख्य कार्यकारी अधिकारी